B

FIRST TERMINAL EVALUATION 2016-2017

Third Language

Hindi

Std. X | Total score : 40 | Time : 90 minutes

सामान्य सूचना :

- प्रश्न पढ़ने तथा सोचने के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इस समय कुछ न लिखें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचना : कविता पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हम उन सपनों को पालेंगे

हम सोकर सपने क्यों देखें?
हम उन सपनों को पालेंगे
जो नींद चुरा ले जाते हैं,
मन में बेचैनी लाते हैं,
जो मकसद याद कराते हैं
जो उर में ज्योति जगाते हैं।

(नींद चुराना - नींद तोड़ना,
बेचैनी - विवशता, मकसद - लक्ष्य)

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1
   - नींद में देखनेवाले सपनों को पालना है।
   - मकसद की याद दिलानेवाले सपनों को पालना है।
   - उर की ज्योति को बुझानेवाले सपनों को पालना है।
   - सुलानेवाले सपनों को पालना है।

2. यह आशयवाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

   हमें नींद तोड़नेवाले सपनों को पालना है।

3. कविता पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।

"साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे? बेला ने पूछा।

"और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?" साहिल ने पूछा।

"मेरे पापा कह रहे थे कि मुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे और तुम?"

"मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।"

9777/2016.

4. बेला के पापा उसे किस पाठशाला में पढ़ाना चाहते हैं? 1

5. बेला और साहिल की दोस्ती पर अपना विचार लिखें। 2

6. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर एक दृश्य की **पटकथा** लिखें। 4

सूचना : कवितांश पढ़कर 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> मैं
> रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
> लेकिन मुझे फेंको मत!
> क्या जाने; इस दुरूह चक्रव्यूह में
> अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
> कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाएँ।

7. कवि के मत में अक्षौहिणी सेना को कौन चुनौती देगा? 1

8. इन पंक्तियों की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 9 से 11 के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

फेलू, तोपसे और जटायु ऊँट पर सवार होकर तय स्थान पर खड़े हो गए। तीन बार शॉट लेने का फायदा यह हुआ कि सवारों को दम निकल जाने का अभिनय नहीं करना पड़ेगा। जटायु की हालत ऐसी थी कि किसी तरह जान छूटे।

9. 'दम निकल जाना' का मतलब क्या है? 1
(थक जाना, मर जाना, वापस जाना)

10. **'हालत'** शब्द के स्थान पर **'हाल'** का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें। 1
जटायु की हालत ऐसी थी।

11. उपर्युक्त प्रसंग पर जटायु की **डायरी** कल्पना करके लिखें। 4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

टूटे स्टूल की एक कील साहिल की पिंडली में लग गई। एक इंच गहरा गड्ढा हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में पट्टी बंधवाने के लिए ले जाया गया। उसने देखा कि दो लोगों को छोड़कर आगे बेला खड़ी है। सिर में पट्टी बंधवाने आई है।

12. बेला क्यों अस्पताल आई है? 1

13. साहिल को क्यों अस्पताल ले जाया गया? 2

14. साहिल और बेला के बीच का प्रसंगानुकूल **वार्तालाप** लिखें। 4

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।

> हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
> व्यक्ति को मैं नहीं जानता था
> हताशा को जानता था

15. कविता के आधार पर सही प्रस्ताव चुनें। 1

- कवि व्यक्ति को पहले से जानता था।
- कवि व्यक्ति की हताशा को जानता था।
- कवि को व्यक्ति पहले से जानता था।

16. 'मनुष्य को मनुष्य की तरह जानना है' -इसका मतलब क्या है? कवितांश के आधार पर व्याख्या करें। 4

17. संबंध पहचानें और सही मिलान करें। 3

एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर	और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है।
यह व्यक्ति मुसीबत में है	लेकिन उनको नहीं।
ऊँट देखकर हमें हँसी-सी आती है	बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे।